फर्द अहकाम

रामस्वरूप बनाम पूरण

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला कोटपूतली–बहरोड

केस संख्या 29 / 2023 मुन्तकिल प्रा-पत्र

क्र0स0	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	13/9/23	राजस्व (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 05.08.2023 के अनुसार दिनांक 07.08.2023 से नवजिला कोटपूतली – बहरोड का सृजन किये जाने से पत्रावली न्यायालय जिला कलक्टर/न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर अलवर से स्थानान्तरण होकर प्राप्त होने पर पेश हुई। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। पक्षकारान/वकील उभयपक्षकारान को अदालती नोटिस जारी हो। पत्रावली दिनांक 01/11/23 को पेश हो। जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड	60-61 10/10/23
	1/11/23	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी/अभी० उपस्थित / अनु० पीठासीन अधिकारी अन्य राजकार्य में व्यस्त है। पत्रावली वास्ते 12/12/23 दिनांक 3/1/24 को पेश हो। प्रार्थी के उपस्थित होकर जवाब पेश किया	
	3/1/24	आज पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित /अनुपस्थित/पीठासीन अधिकारी आज अवकाश /दौरे/मिटिंग/अन्य कार्य में व्यस्त है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 6/3/24 को पेश हो। रीडर	
	6/3/24	पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी स्वयं व उसके अधिवक्ता कोई उपस्थित नहीं है। प्रकरण का अवलोकन किया गया। प्रार्थी के अधिनस्थ न्यायालय SDO बानसूर/ACM बानसूर के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी पर न्याय की उम्मीद नहीं होने से यह मुन्तकिल प्रा-पत्र पेश किया गया है। अधिनस्थ न्यायालय के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण होने से यह प्रा-पत्र निरर्थक हो गया है। अतः यह मुन्तकिल प्रा-पत्र अधिनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी (तत्कालीन) का स्थानान्तरण होने के कारण निरर्थक होने/प्रभावहीन होने से खारिज किया जाता है। अधिनस्थ न्यायालय को रिकॉर्ड वापिस भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड	